भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 4888
सोमवार, 23 मार्च, 2026/02 चैत्र, 1948 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा देना

4888. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन अथवा प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र में, विशेषकर छत्रपति संभाजीनगर में नए पर्यटन परिपथों की पहचान की है;

(ख) राज्य में पारिस्थितिकी-पर्यटन और सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए गए/किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में अब तक किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय, केंद्रीय क्षेत्र की अपनी चालू योजनाओं जैसे- 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना और 'पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को, उनके साथ परामर्श से पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन 2.0 योजना की एक उप-योजना की संस्कृति एवं विरासत श्रेणी के अंतर्गत, मंत्रालय ने 25.00 करोड़ रुपये की 'महाराष्ट्र के अहमदनगर में अहमदनगर किले का विकास' नामक परियोजना को मंजूरी दी है। उपर्युक्त योजनाओं के तहत किए जाने वाले कार्यों में स्वीकृत स्थलों पर पर्यटन अवसंरचना जैसे- पर्यटक सुविधा केंद्र, प्रकाश व्यवस्था, भूनिर्माण, संकेतक, अंतिम छोर तक संपर्कता, पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय और अन्य संबंधित सुविधाओं का विकास और संवर्धन शामिल है।

पर्यटन मंत्रालय अपने चालू संवर्धनात्मक कार्यकलापों के अंतर्गत, जिनमें कार्यक्रमों के आयोजन, वेबसाइट, सोशल मीडिया पर प्रचार, मेले और महोत्सव आदि शामिल हैं, महाराष्ट्र

राज्य में इको-पर्यटन और सांस्कृतिक पर्यटन सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का नियमित रूप से संवर्धन करता है। उपर्युक्त योजनाओं के अंतर्गत महाराष्ट्र राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

******

अनुबंध

श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे द्वारा महाराष्ट्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 23.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 4888 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

i. महाराष्ट्र में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	त्र्यंबकेश्वर, नासिक का विकास	45.41

ii. महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**परिपथ**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	तटीय परिपथ	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभव का विकास	19.06
2	आध्यात्मिक परिपथ	वाकी- अदासा- धापेवाड़ा- पारदसिंघा- तेलनखंडी- गिराड का विकास	45.47

iii. महाराष्ट्र में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची:

क्र. सं.	**गंतव्य**	**एक्सपीरिएंस का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	पुणे	शिवसृष्टी थीम पार्क	76.22

iv. महाराष्ट्र में 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)'- स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना के तहत स्वीकृत परियोजना की सूची:

क्र. सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**एक्सपीरिएंस का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	अहमदनगर (संस्कृति एवं विरासत)	अहमदनगर किले का विकास	25.00

v. महाराष्ट्र में पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)**
1.	सिंधुदुर्ग में आईएनएस-गुलदार अंतर्जलीय संग्रहालय, कृत्रिम चट्टान और पनडुब्बी पर्यटन	46.91
2.	नासिक में राम-काल पथ का विकास	99.14

****